BSF

# सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर कदमतला, सिलीगुड़ी

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02 जनवरी 2022

**सीमा सुरक्षा बल के मुस्तैद जवानों ने भारत–बांग्लादेश सीमा से एक बांग्लादेशी तस्कर को पकड़ा तथा मवेशी, फेनसेडिल, एम के डाइल और अन्य प्रतिबंधित सामग्री को जब्ती**

श्री रवि गांधी, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल के जवान भारत–बांग्लादेश की सीमा पर मुस्तैदी से तैनात हैं ताकि राष्ट्र विरोधी तत्वों के तस्करी और घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल किया जा सके। दिनाँक 01 जनवरी 2022 को, पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के कुचबिहार जिले में भारत–बांग्लादेश सीमा पर तैनात 40 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल के बॉर्डर आउट–पोस्ट–सरस्वती के सतर्क जवानों ने एक बांग्लादेशी तस्कर को उस समय पकड़ा जब वह अवैध तरीके से भारत–बांग्लादेश सीमा को पार कर रहा था। पकड़े गए बांग्लादेशी तस्कर की पहचान जाकिर हुसैन (20 वर्ष) पुत्र हमीदुल इस्लाम, निवासी गॉव–कलारडांगा, थाना–पटग्राम, जिला–लालमोनिरहाट(बांग्लादेश) । पकड़े गये बांग्लादेशी तस्कर को पुलिस स्टेशन कुचलीबाड़ी को सौप दिया गया।

उपरोक्त के अलावा, उत्तर बंगाल फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल की अंडर कमांड बटालियनों के जवानों ने अपने–अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में दिनांक 31 दिसम्बर 2021 से 02 जनवरी 2022 तक विशेष तस्करी विरोधी अभियान चलाया ताकि राष्ट्र विरोधी तत्वों के तस्करी तथा घुसपैठ के नापाक मंसूबों को विफल किया जा सके। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों से, 24 मवेशी, 191 बोतल फेंसेडिल, 346 बोतल एम के डायल तथा अन्य प्रतिबंधित सामग्री को जब्त किया। जब्त की गयी सामग्री की कुल कीमत 4,21,549/– रुपये है। उपरोक्त वस्तुओं को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उस समय जब्त किया जब तस्कर इन वस्तुओं को भारत से बांग्लादेश ले जाने की कोशिश कर रहे थे।

---